No. 0378

CS (MAIN) EXAM, 2010

C-DTN-K-MBA

# LAW

## Paper I

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 300

## INSTRUCTIONS

*Each question is printed both in Hindi and in English.*

*Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you, which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.*

*Candidates should attempt Questions no.* **1** *and* **5** *which are compulsory, and any* **three** *of the remaining questions selecting at least* **one** *question from each Section.*

*The number of marks carried by each question is indicated at the end of the question.*

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

## SECTION A

1. Answer any ***three*** of the following (each answer should be in about 200 words) : *20×3=60*

   (a) "The fragrance and colour which is enshrined in Article 141 of the Constitution of India is destined to uphold the Rule of Law in the interest of justice and people of India." Do you agree ? Give reasons.

   (b) Whether right to vote is a fundamental or a statutory right ? Justify your statement with the help of relevant case-law on this subject.

   (c) "While certainty of law is important in India, it cannot be at the cost of justice." Critically examine this statement in the context of 'curative petition' in India and also refer to relevant case-law.

   (d) The doctrine of separation of powers in its classical sense, which is functional rather than structural, cannot be applied in any modern government. Discuss.

2. (a) New frontiers of criminal justice have been spelled out from Article 21 of the Constitution, which provides that no person shall be deprived of his right to life and personal liberty except according to procedure established by law. Discuss and refer to decided cases. *30*

## खण्ड क

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** के उत्तर दीजिए (प्रत्येक उत्तर लगभग 200 शब्दों में होना चाहिए) : *20×3=60*

(क) "भारत के संविधान के अनुच्छेद 141 में जो सुगंध और रंग प्रतिष्ठापित है, वह न्याय और भारत की जनता के हित में विधि सम्मत शासन की मर्यादा बनाए रखने को निश्चित करती है।" क्या आप इससे सहमत हैं ? कारण बताइए।

(ख) वोट देने का अधिकार क्या एक मूलभूत अधिकार है या कि एक कानूनी अधिकार है ? इस विषय पर सुसंगत निर्णयजन्य विधि की सहायता से, अपने कथन के पक्ष में दलीलें दीजिए ।

(ग) "जबकि भारत में विधि की निश्चितता महत्त्वपूर्ण है, वह न्याय की कीमत पर नहीं हो सकती ।" भारत में 'रोगहारी याचिका' के संदर्भ में, इस कथन का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए और साथ ही सुसंगत निर्णयज विधि का हवाला भी दीजिए ।

(घ) अपने प्रतिष्ठित आशय में शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत को, जो संरचनात्मक के बजाय प्रकार्यात्मक है, किसी भी आधुनिक सरकार में लागू नहीं किया जा सकता है । चर्चा कीजिए ।

2. (क) संविधान के अनुच्छेद 21 के द्वारा, जिसमें उपबंध किया गया है कि किसी भी व्यक्ति को, उसके प्राण या दैहिक स्वतंत्रता से विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार ही वंचित किया जाएगा, अन्यथा नहीं, आपराधिक न्याय की नई सीमाओं को स्पष्टतया सूचित किया गया है । इस पर चर्चा कीजिए और विनिश्चित निर्णयों का हवाला दीजिए । *30*

(b) *Locus standi* is necessary for challenging an administrative action, through a writ petition. How has it been liberalised in case of public interest litigation ? Comment on the statement that "PIL is not a PILL against all the ILLS." *30*

3. (a) Critically examine the role of the Supreme Court of India in the maintenance of minimum standards in public life and polity. Opine on how much of it is enforcement of the rule of law and how much of it is judicial activism. *30*

(b) In recent times the role of Governor in the appointment and dismissal of Chief Minister has been impugned and it is said that the Court has assumed the role of the Governor and the Speaker. Comment. Refer to recent cases where the Supreme Court has directed to take composite floor test and report to the Court. *30*

4. Write critical notes on the following : *20×3=60*

(a) "The power to destroy the Constitution is not included in the power to amend the Constitution."

(b) "It is the religious teaching, not the teaching of religion which is prohibited under the Constitution of India."

(c) "The doctrine of excessive delegation is a judicially tailored principle."

(ख) रिट याचिका के माध्यम से किसी प्रशासनिक कार्य को चुनौती देने के लिए 'सुने जाने के अधिकार' का होना आवश्यक है । लोक हित मुकदमेबाज़ी के मामले में, इसको किस प्रकार उदारीकृत किया गया है ? कथन कि "पी.आई.एल. सभी बुराइयों के विरुद्ध दवा की गोली नहीं है" पर टिप्पणी कीजिए । 30

3. (क) लोक-जीवन एवं राज्यतन्त्र में न्यूनतम मानकों के अनुरक्षण में भारत के उच्चतम न्यायालय की भूमिका का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए । इसमें से कितना भाग विधि सम्मत शासन का प्रवर्तन है और कितना भाग न्यायिक सक्रियता का है, इस पर अपना मत प्रकट कीजिए । 30

(ख) हाल के समय में, मुख्य मंत्री की नियुक्ति और पदच्युति में राज्यपाल की भूमिका पर आक्षेप किए गए हैं और ऐसा कहा जाने लगा है कि न्यायालय ने राज्यपाल और अध्यक्ष की भूमिका धारण कर ली है । टिप्पणी कीजिए । हाल के उन मामलों का उल्लेख कीजिए, जिनमें उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिए हैं कि सम्मिश्र सभासदन परीक्षण किया जाए और कि न्यायालय को सूचित किया जाए । 30

4. निम्नलिखित पर समालोचनात्मक टिप्पणियाँ लिखिए : 20×3=60

(क) "संविधान का संशोधन करने की शक्ति में संविधान को नष्ट करने की शक्ति शामिल नहीं है ।"

(ख) "भारत के संविधान के अधीन, धार्मिक शिक्षण प्रतिषिद्ध है, न कि धर्म का शिक्षण ।"

(ग) "अत्यधिक प्रत्यायोजन का सिद्धांत न्यायिकतः काट-छांट कर दुरुस्त किया हुआ सिद्धांत है ।"

## SECTION B

5. Answer any ***three*** of the following (each answer should be in about 200 words) : *20×3=60*

(a) "The fundamental principles of International law are passing through a serious crisis and this necessitates its reconstruction." Do you agree with this statement ? Give reasons.

(b) What do you understand by the principle of 'Continuity of State' in the context of succession of government ? Pinpoint the major areas to be addressed to improve upon the existing position relating to State succession rules and practice.

(c) Comment on the statement that 'WTO' is the main organ for implementation of Multilateral Trade Agreements and is the third economic pillar of the worldwide trade and commerce.

(d) A reservation, which purports to exclude or to modify the legal effects of certain provisions of the treaty in their application to that State, is accepted in practice, if it is compatible with object and purpose of the treaty. Discuss the practice of different nations and opinion of ICJ regarding admissibility of reservations to the conventions.

## खण्ड ख

5. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** के उत्तर दीजिए (प्रत्येक उत्तर लगभग 200 शब्दों में होना चाहिए) : *20×3=60*

(क) "अंतर्राष्ट्रीय विधि के मौलिक सिद्धांत गंभीर संकट में से गुज़र रहे हैं और इस कारण उनके पुनर्निर्माण की आवश्यकता है ।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? कारण बताइए ।

(ख) सरकार के उत्तरवर्तन के संदर्भ में, 'राज्य की निरंतरता' के सिद्धांत से आप क्या समझते हैं ? राज्य उत्तरवर्तन नियमों और रीति से सम्बन्धित वर्तमान स्थिति में सुधार लाने के लिए उन प्रमुख क्षेत्रों को बिलकुल ठीक-ठीक बताइए, जिनकी तरफ ध्यान देने की ज़रूरत है ।

(ग) इस कथन पर टिप्पणी कीजिए कि 'डब्ल्यू.टी.ओ.' बहुपक्षीय व्यापार करारों को कार्यान्वित करने के लिए मुख्य साधन है और कि वह विश्वव्यापी व्यापार और वाणिज्य का तीसरा आर्थिक स्तंभ है ।

(घ) ऐसी शर्त, जिसका आशय उस राज्य पर लागू होने वाले संधि के कुछ विशेष उपबंधों के विधिक प्रभावों को निकाल बाहर करना या उनमें फेरबदल करना हो, रीति के अनुसार स्वीकार कर ली जाती है, यदि वह शर्त संधि के उद्देश्य और प्रयोजन के साथ सुसंगत हो । अभिसमयों पर शर्तों की स्वीकार्यता से सम्बन्धित विभिन्न देशों की रीति और आई.सी.जे. के मत पर चर्चा कीजिए ।

6. (a) The traditional definitions of International law with its restrictions to the conduct of States inter se, in view of developments during the last six decades cannot stand as a comprehensive description of all the rules now acknowledged to form part of International law.

Elaborate with examples those developments which are not covered by the exclusive rules governing the conduct of States. *30*

(b) Discuss with illustrations the law and the practice of various States in relation to non-recognition of governments. *30*

7. (a) Normally the States are reluctant to resort to the International Court of Justice mainly due to political factor; the general conditions of international relations; the greater suitability of other tribunals; a flexibility of arbitration in comparison with a compulsory jurisdiction and difficulty in getting enforcement of the decisions of the court. However, the court has made a reasonable contribution in settling disputes.

Critically evaluate the working of the court specially in contentious cases. *30*

(b) How would you react to the statement that TRIPS agreement on the one hand is a historic act but on the other hand it failed to achieve the goals of improving trading powers and trade issues of the least developed countries ? Comment. *30*

6. (क) अंतर्राष्ट्रीय विधि की पारंपरिक परिभाषाएँ, राज्यों के परस्पर आचरणों पर प्रतिबंधों सहित, पिछले छः दशकों के दौरान हुए परिवर्धनों को देखते हुए, अब खड़ी नहीं रह सकती हैं, क्योंकि सभी नियमों के सर्वसमावेशी वर्णन को अब अंतर्राष्ट्रीय विधि का एक भाग स्वीकार किया जाता है ।

उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उन विकासों को विस्तारपूर्वक सुस्पष्ट कीजिए जो राज्यों के आचरण का नियंत्रण करने वाले अनन्य नियमों के द्वारा प्रतिपादित नहीं हैं । *30*

(ख) उदाहरणों को प्रस्तुत करते हुए, सरकारों को मान्यता न देने के सम्बन्ध में विभिन्न राज्यों की विधि एवं रीति पर चर्चा कीजिए । *30*

7. (क) सामान्यतः राज्य अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का आश्रय लेने में अनिच्छुक होते हैं, मुख्य रूप से राजनीतिक कारक के कारण; अन्य कारण हैं अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्धों की सामान्य दशाएँ, अन्य अधिकरणों की अपेक्षाकृत अधिक उपयुक्तता, अनिवार्य अधिकारिता की तुलना में माध्यस्थम् का लचीलापन और न्यायालय के निर्णयों का प्रवर्तन प्राप्त करने में कठिनाई । इतना होने पर भी, विवादों के निपटारे में न्यायालय ने समुचित योगदान दिया है ।

न्यायालय के कार्य-संचालन का समालोचनापूर्वक मूल्यांकन कीजिए, विशेषकर प्रतिविरोधात्मक मामलों में । *30*

(ख) आप इस कथन के प्रति किस प्रकार प्रतिक्रिया करेंगे कि 'ट्रिप्स क़रार' एक ओर तो एक ऐतिहासिक कार्य है, परन्तु दूसरी ओर वह न्यूनतम विकसित देशों की व्यापार शक्तियों को उन्नत करने और व्यापार मुद्दों के लक्ष्यों को प्राप्त करने में विफल रहा है ? टिप्पणी कीजिए । *30*

**8.** Write short notes on the following : *20×3=60*

(a) Exclusive Economic Zone

(b) Laws relating to aircraft hijacking

(c) Statelessness

8. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : $20 \times 3 = 60$

(क) अपवर्जक आर्थिक क्षेत्र

(ख) वायुयान हाईजैकिंग से सम्बन्धित विधियाँ

(ग) राज्यविहीनता

C-DTN-K-MBA

# विधि

## प्रश्न-पत्र I

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 300

---

### अनुदेश

*प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तक के मुख पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं । बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक प्रश्न के अंत में दिए गए हैं ।*

---

**Note :** *English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.*